## संपादकीय

## मानवीय साहस से पराजित होगी विभीषिका

पिछले कुछ महीनों में कोरोना की दूसरी लहर के रूप में मौत का विकराल झंझावात देश ने झेला। अब चाहे अधिकृत तौर पर यह घोषणा कर दी गयी है कि कोरोना की दूसरी लहर दब गयी है। यहां तक कि नीति आयोग के सेहत विषयक कमेटी के सदस्य श्रीपाल ने तो देश में कोरोना की दूसरी लहर से हुई तबाही का पूर्ण सर्वेक्षण करने और इससे प्राप्त तथ्यों के आधार पर कोरोना महामारी का मुकाबला करने वाली राष्ट्रीय नीति में उचित संशोधन करने की बात कही।

लेकिन कुछ बातें इस कोरोना लहर के दुष्प्रभावों की स्पष्ट हैं। पहली बात तो यह कि जहां इस वर्ष 16 जनवरी से भारत में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू हुआ, वहां फरवरी मास से कोरोना की दूसरी लहर ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया जो देखते ही देखते मई मास तक अपने शिखर पर पहुंच गयी। इसके बाद कोरोना संक्रमण प्रभाव घटना शुरू हुआ, मौतों की संख्या और दर घटी और स्वस्थ होकर घर लौटने वाले लोगों की संख्या कहीं अधिक हो गयी। सरकार ने कोरोना की दूसरी लहर में उतार की बात कहते हुए कहा कि अब देश में औसत संक्रमण दर पांच प्रतिशत हो गयी। विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि अगर कोरोना संक्रमण दर 5 प्रतिशत से नीचे आ जाये तो कोरोना काबू हो गया। लेकिन देश के कई जिलों में अभी संक्रमण दर अधिक है। अतः पूरे देश को अभी कोरोना से निजात नहीं मिली।

यह सही है कि मई अन्त से लेकर जून मध्य तक कोरोना के मरीजों में साठ प्रतिशत कमी आयी है। चाहे आज भी देश में महामारी से राहत की घोषणायें अधिक हैं, लेकिन आम आदमी को अपने आर्थिक, सामाजिक और दैनिक जीवन में अपेक्षित राहत महसूस नहीं हो रही। सही है कि पिछले दिनों में मरीज घटे हैं, देश में रोज होने वाली मौतें?घटी हैं, लेकिन सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस लहर में छह प्रतिशत मौतें अधिक हुई हैं। देश में कोरोना की महामारी का सर्वेक्षण नित्य नये सत्य उद्घाटित कर रहा है। कोरोना की दूसरी लहर पर जो सीरो सर्वेक्षण हुआ है, उसने बताया है कि इस बार देश में 19.9 प्रतिशत ग्रामीण जनता भी कोरोना ग्रस्त हुई। इस बार वरिष्ठों के मुकाबले अपेक्षाकृत कम उम्र के लोगों को अधिक कोरोना हुआ और यह पूर्व धारणा कि कोरोना पुरुषों को अधिक और औरतों को कम होता है, खंडित हो गयी। इस बार औरतों को भी कोरोना अधिक संख्या में हुआ है। निस्संदेह 16 जनवरी से चल रहे कोरोना से बचाव के टीकाकरण की नीति में कई?त्रुटियां नजर आयीं। सुप्रीम कोर्ट ने भी टीकाकरण की तीन कीमतों और असंगत वितरण पर कड़ी टिप्पणियां कर दीं। टीकों के अनुचित इस्तेमाल, उनके व्यर्थ या बर्बाद होने पर सवाल उठे। आज ग्रामीण जनता भी कोरोना ग्रस्त हो रही है, परन्तु वहां पर न तो उचित जांच व्यवस्था है, न उिचत टीकाकरण हो रहा है और न ही जीवनरक्षक दवाओं की उचित आपूर्ति है। जांच और टीका पार्टियों के गांवों में प्रवेश के विरोध के समाचार मिले हैं। गांवों में उचित चिकित्सा व्यवस्था न होने के कारण महामारी की इस लहर के दौरान झोलाछाप डाक्टरों का बोलबाला भी देखा गया है। इसलिए देश की यह जरूरत साफ मुखर हो रही है कि जल्द भारत के ग्रामीण अंचलों में चिकित्सा ढांचे का द्रुत गति से निर्माण किया जाये। केवल टूटी-फूटी मरम्मत से काम नहीं चलेगा। कोरोना की इस दूसरी लहर का जो समय देश पर गुजरा, वह बहुत पीड़ादायक था। संक्रमित मरीजों को देश की वर्तमान चिकित्सा व्यवस्था में न तो उचित उपचार, न बेड व्यवस्था, आक्सीजन और न वेंटिलेटर की सुविधा मिली। ऑक्सीजन के अभाव में लोग तड़प-तड़प कर मरते देखे गये। मर गये तो उचित अंतिम संस्कार के लिए श्मशानों, कब्रिस्तानों और विद्युत शवदाह गृहों में शवों की कतारें लगी।

-सुरेश सेठ

# यूपी में इस साल 56.25 लाख मीट्रिक टन की गई गेहूं खरीद



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस साल अप्रैल माह से शुरू हुई खरीद में राज्य सरकार ने कुल 1288461 किसानों से 56.25 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। चार साल में राज्य सरकार 33 लाख से अधिक किसानों से 162.71 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद कर चुकी है। किसानों को 10019.56 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है, जो अखिलेश सरकार के वर्ष 2016-17 में 7.97 लाख मीट्रिक टन खरीद के मुकाबले लगभग 8 गुना ज्यादा है। राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, रबी विपणन वर्ष 2017-18 में 800646 किसानों से 36.99 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। 2018-19 में 52.92 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदकर 11,27195 किसानों को भुगतान किया। 2019-20 में 37.04 लाख मीट्रिक टन और 2020-21 में 35.76 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई। वहीं सपा सरकार में वर्ष 2015-16 में 403141 किसानों से 22.67 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। 2016-17 में केवल 7.97 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई। 2013-14 में सबसे कम केवल 6.83 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

राज्य सरकार ने 2017-18 में 6011.15 करोड़, 2018-19 में 9231.99 करोड़, 2019-20 में 6889.15 करोड़ और 2020-21 में 6885.16 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। जबकि अखिलेश सरकार में वर्ष 2012-13 में 6504.45 करोड़, 2013-14 में 921.96 करोड़, 2014-15 में 879.23 करोड़, 2015-16 में 3287.26 करोड़ और 2016-17 में 1215.77 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को किया गया।

खरीफ की फसल में वर्ष 2020-21 में 66.84 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर 13 लाख से अधिक किसानों को 12438.70 करोड़ रुपये भुगतान किया। 2019-20 में 706549 किसानों से 56.57 मीट्रिक टन खरीद की गई। 2018-19 में 684013 किसानों से 48.25 मीट्रिक टन और 2017-18 में 492038 किसानों से 42.90 मीट्रिक टन धान खरीदा गया।

धान खरीद में वर्ष 2012-13 में 299044 किसानों से 17.79 लाख मीट्रिक टन धान खरीद की थी। 2013-14 में 123476 किसानों से 9.07 लाख मीट्रिक टन, 2014-15 में 196044 किसानों से 18.18 लाख मीट्रिक टन, 2015-16 में 433635 किसानों से 43.43 लाख मीट्रिक टन धान खरीद ही कर पाई थी।

## शक्कर में लिवाली, खाद्य तेलों में मजबूती, दलहनो में तेजी, मूंग मोगर सस्ती, चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली रही। खाद्य तेलों में भाव मजबूत रहे। सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा बिका। दलहन में मिलों की मांग से तेजी दर्ज की गई। आज चना तथा मसूर महंगी होकर बिकी। दाल में खरीदी सुस्त होने से भाव नरमी लिए रहे। आज मूंग मोगर सस्ती बिकी। चावल में ग्राहकी सामान्यवत चली।

**किराना बाजार-** शक्कर में पूछपरख रही। शक्कर में कामकाज 3370 से 3420 रुपये की रंगत पर हुआ। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। गुड़, खोपरा बूरा में भाव बने रहे। खोपरा गोला तथा साबूदाना में मांग बढ़ी बताई गई।

**तेल -तिलहन-** खाद्य तेल मांग से भाव मजबूती लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड महंगा बिका। तिलहन में रिफाइनरी वालों की खरीदी से सोयाबीन के साथ सरसों ऊंचे पर बनी रही।

**दाल-दलहन-** स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मांग होने से दलहनो में तेजी दर्ज की गई। आज चना तथा मसूर 25 से 50 रुपये बढ़कर बिकी। दाल में उठाव सुस्ती से मंदी बताई गई इससे भाव नीचे हुए। चावल में कामकाज सामान्य रहा।

## ई-कॉमर्स के मसौदे से कारोबार में आएगी शुद्धता : कैट




**नई दिल्ली ।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020 के मसौदे को उपभोक्ता मंत्रालय द्वारा जारी करने का स्वागत किया है। कैट के अनुसार, इससे भारत में ई-कॉमर्स व्यवसाय के संचालन के तौर-तरीकों को स्पष्ट शब्दों में बताया गया है, जिससे अब विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए नियमों के साथ खेलने की कोई गुंजाइश नहीं बची है, जैसा कि वे पिछले कई सालों से कर रहे थे। कैट ने कहा कि, जब ये नियम लागू होंगे तो निश्चित रूप से विदेशी वित्त पोषित ई-कॉमर्स कंपनियों के अनैतिक और अतार्किक व्यवसाय प्रथाओं के कारण भारत के अत्यधिक दूषित ई-कॉमर्स व्यवसाय को शुद्ध और एक समान करने का अवसर प्राप्त होगा।

कैट ने आगे कहा कि केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ई-कॉमर्स के शुद्धिकरण के लिए कैट की मांग को स्वीकार किया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने नियमों के मसौदे के जारी होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, इसके बाद भारत का ई-कॉमर्स व्यापार पूरी तरह बदल जाएगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने छोटे व्यापारियों को हो रही कठिनाइयों को महसूस करते हुए अपने वायदे और उनके द्वारा की गई घोषणाओं के अनुसरण में नियमों का मसौदा तैयार किया है। अब प्रत्येक कंपनी फिर चाहे वो देसी हो या विदेशी ,उसको देश के नियमों और विनियमों का पालन करना अनिवार्य हो जायेगा।


इन नियमों के लागू होने से अब देश का प्रत्येक छोटा व्यापारी भी ई-कॉमर्स को अतिरिक्त व्यवसाय के रूप में अपना सकेगा।

कैट ने उम्मीद जताते हुए कहा कि, अब हर कोई नियमों का पालन करने के लिए आगे आएगा जिससे भारत में ई-कॉमर्स व्यवसाय कई गुना बढ़ जाएगा। इसके अतिरिक्त यह नियम भारत के ई-कॉमर्स को कुछ विदेशी वित्त पोषित ई-कॉमर्स कंपनियों के शातिर चंगुल से मुक्त करेंगे,जो भारत के ई-कॉमर्स व्यवसाय पर हावी होने का निरंतर प्रयास करते रहे हैं।

## आयकर की धारा 206एबी और 206सीसीए के लिए स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली।** वित्त अधिनियम, 2021 ने आयकर अधिनियम 1961 में दो नई धाराएं 206एबी और 206सीसीए शामिल की हैं, जिसका 1 जुलाई, 2021 से प्रभावी होना तय किया गया है। इन धाराओं के तहत टैक्स रिटर्न न भरने वाले कुछ विशेष लोगो के मामले में कर कटौती या कर संग्रह ऊंची दर पर करने के लिए अधिकृत किया गया है। यह ऊंची दर दरअसल निर्दिष्ट दर से दोगुनी या 5 प्रतिशत जो भी अधिक हो, है। वित्त मंत्रालय के अनुसार इन दोनों प्रावधानों को लागू करने के लिए कर कटौतीकर्ता/संग्रहकर्ता के लिए खुद को संतुष्ट करने के लिए इस बारे में अतिरिक्त जांच-परख करना आवश्यक था कि भुगतान प्राप्तकर्ता/संग्रह प्राप्तकर्ता एक निर्दिष्ट व्यक्ति है या नहीं। इसके परिणामस्वरूप इस तरह के कर कटौतीकर्ता/संग्रहकर्ता पर अनुपालन का अतिरिक्त बोझ पड़ता। इस अनुपालन बोझ को कम करने के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने एक नई सुविधा 'धारा 206एबी और 206सीसीए के लिए अनुपालन जांच' शुरू की है। यह सुविधा पहले से ही आयकर विभाग के रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से दी जा रही है। कर कटौतीकर्ता/संग्रहकर्ता दरअसल भुगतान प्राप्तकर्ता/संग्रह प्राप्तकर्ता के एकल पैन (पैन सर्च) या एक से अधिक पैन (बल्क सर्च) को फीड कर सकता है और यदि यह भुगतान प्राप्तकर्ता/संग्रह प्राप्तकर्ता एक निर्दिष्ट व्यक्ति है, तो वह इस सुविधा के माध्यम से संबंधित प्रतिक्रिया या जवाब प्राप्त कर सकता है।

## लाइगर के लिए 200 करोड़ रुपये की ओटीटी डील की खबर अफवाह, थिएटर में आएगी फिल्म




विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे की पैन इंडिया फिल्म लाइगर काफी समय से चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म को मशहूर प्रोड्यूसर करण जौहर निर्मित कर रहे हैं। हाल में खबर सामने आई थी कि यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। बताया गया था कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने के लिए फिल्म को 200 करोड़ रुपये के ऑफर मिले हैं। अब फिल्म के लीड कलाकार विजय ने ऐसी खबरों को अफवाह बताया है।

विजय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर फिल्म की डिजिटल रिलीज के लिए हुए किसी तरह के सौदे से इनकार किया है। उन्होंने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, यह काफी कम है। इससे ज्यादा तो हम थिएटर में कमा लेंगे। हाल में ऐसी खबरें आई थीं कि इस फिल्म को सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने के लिए 200 करोड़ रुपये की पेशकश की गई है। बताया गया था कि मेकर्स इस ऑफर पर विचार कर रहे हैं।

विजय इससे पहले डिअर कॉमरेड और अर्जुन रेड्डी जैसी फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुके हैं। अब वह इस फिल्म में एक फाइटर की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को आगामी 9 सितंबर को रिलीज किया जाना है। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज डेट को बदला नहीं गया है। हालांकि, हाल में मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह फिल्म कोरोना महामारी के कारण इस साल रिलीज नहीं हो पाएगी।

हाल में लाइगर से विजय का फर्स्ट लुक रिलीज हुआ था, जिसमें वह दमदार अवतार में नजर आए थे।करण के प्रोडशन की इस फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने निर्देशित किया है। इस फिल्म को पांच भाषाओं हिन्दी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। विजय और अनन्या पहली बार किसी फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। लाइगर में राम्या कृष्णन, रॉनित रॉय और विष्णु रेड्डी अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं।

## आज का राशिफल

मेषः आज दिनभर का समय सेहीजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद में बीतेगा। नए वस्त्र तथा आभूषण खरीद सकते हैं। बस स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखिएगा।

वृषः व्यवसायियों के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी है। पारिवारिक वातावरण भी सुखशांतिपूर्ण बना रहेगा। प्रतिस्पर्धियों पर आपको विजय प्राप्त होगी।

मिथुनः आज का दिन मध्यम फलदायी है। नए कार्य का प्रारंभ न कीजिएगा। बौद्धिक चर्चाओं के लिए आज का दिन शुभ नहीं है। संतान विषयक चिंता आपको रहेगी।

कर्कः आपकी हताशा मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार से आप को व्यग्र बनाएगी। संभवतः प्रवास को टाल दें।

सिंहः आज धार्मिक यात्रा होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ कर पाएंगे। विदेश से लाभदायी समाचार मिलने की संभावना अधिक है।

कन्याः किसी भी प्रकार की निर्णयात्मक स्थिति पर न पहुंचने के कारण नए कार्य का प्रारंभ करना उचित नहीं है। आज मौन रहकर दिन बीता देने में ही बुद्धिमानी है।

तुलाः शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखिएगा। नए वस्त्र और आभूषणों को खरीदने के पीछे खर्च अधिक हो सकता है।

वृश्चिकः आध्यात्मिक और ईश्वर की भक्ति से आज मन को शांति प्राप्त होगी। मन में उठ रही नकारात्मक भावनाओं पर संयम रखना आवश्यक होगा।

धनुः आज का दिन आप की आय में वृद्धि और लाभ देने का सूचन करता है। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से मन प्रसन्न रहेगा।

मकरः स्थावर संपत्ति का दस्तावेज करने हेतु आज का दिन अच्छा है। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी। उच्च अधिकारी वर्ग आपको प्रोत्साहित करेगा।

कुंभः आज के दिन व्यावसायिक वर्ग के लिए संभलकर चलना आवश्यक है। उच्च अधिकारियों के साथ बातचीत करते समय विवेक रखना होगा।

मीनः किसी के साथ वाद-विवाद या तकरार न करें। क्रोध पर संयम बरतिएगा। आज गूढ़ विद्या के प्रति आकर्षण रहेगा। सुखमय विषयों में आपको रुचि रहेगी।

## अक्षय कुमार ने शुरू की रक्षाबंधन की शूटिंग



बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म रक्षाबंधन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं. अब इस फिल्म से जुड़ी एक और जानकारी सामने आ रही हैं. अक्षय कुमार ने आज से इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. इस बात की जानकारी एक्टर ने खुद सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ शेयर की है. अक्षय ने बताया की आज फिल्म रक्षाबंधन के सेट पर उनका पहला दिन है.

अक्षय कुमार ने सेट से एक तस्वीर शेयर कर लिखा, बहन के साथ बड़ें होते हुए, अलका मेरी पहली दोस्त बनी. यह सबसे सहज दोस्ती थी. आनंद एल राय की फिल्म ञरक्षाबंधन उनके लिए समर्पित है और उस विशेष बंधन का उत्सव है. आज शूटिंग का पहला दिन, आपके प्यार और शुभकामनाओं की कामना करता हूं. तस्वीर में अक्षय कुमार फिल्म के डायरेक्टर आनंद एल राय के साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं. उन्होंने पीले रंग का कुर्ता पहन रखा है.

कुछ दिन पहले ही अक्षय कुमार ने फिल्म रक्षाबंधन को लेकर एक ट्वीट किया थी. जिसमें उन्होंने एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर के फिल्म में एंट्री करने की जानकारी दी थी. उन्होंने पोस्ट कर अपनी खुशी जताई थी. बता दें कि, अक्षय कुमार की कई फिल्में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जिसमें सूर्यवंशी और बेल बॉटम प्रमुख हैं. हाल ही में एक्टर ने बेल बॉटम की रिलीज डेट का एलान किया था, जो 27 जुलाई को रिलीज हो रही है. अपनी जबरदस्त फिटनेस के साथ-साथ एक्शन के लिए जाने जाते हैं.

## डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार अजय देवगन, शूटिंग शुरु




बॉलीवुड के अभिनेता अजय देवगन जल्द ही डिजिटल दुनिया में कदम रखने वाले हैं। अजय देवगन ने पिछले दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज रुद्र का ऐलान कर दिया था। अजय देवगन की वेब सीरीज रूद्र ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज की जाएगी। ये एक साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज है। जो वेब सीरीज लूथर की हिंदी रीमेक बताई जा रही है। इस वेब सीरीज में अभिनेता अजय देवगन का दमदार अवतार दिखाई देने वाला है। अजय देवगन की इस वेब सीरीज को फरारी की सवारी और वेंटीलेटर से मशहूर राजेश मापुसकर डायरेक्ट करने वाले हैं।

अब वेब सीरीज को लेकर एक बड़ी खबर भी सामने आ रही है। अजय देवगन जल्द ही अपनी इस वेब सीरीज की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। खबरों के अनुसार 21 जून से अजय देवगन की शूटिंग शुरू हो गई।

## नाश्ते में बनाएं टेस्टी अचारी पनीर चीला



### सामग्री :

पनीर क्यूब्स कटे हुए- 150 ग्राम, साबुत मूंग भिगोए हुए-1 1/2 कप, आचार का मसाला 2-3 बड़े चम्मच नमक स्वादानुसार, कुटी हुई काली मिर्च स्वादानुसार, ऑयल 1 बड़ा चम्मच, लहसुन 1 बड़ा चम्मच, अदरक बारीक कटा हुआ 1 इंच, प्याज़ स्लाइस किए हुए 2, लाल मिर्च पाउडर 1 छोटा चम्मच, रेड चिल्ली फ्लेक्स 1/2 छोटा चम्मच, हरी शिमला मिर्च कटी हुई 1, ताज़ा हरा धनिया 1 बड़ा चम्मचअदरक दरदरा कटा हुआ 1 इंच, हरी मिर्च दरदरी कुटी हुई- 2, लाल मिर्च पाउडर 1 छोटा चम्मच, हल्दी का पाउडर 1/4 छोटा चम्मच, नमक स्वादानुसार, ऑयल आवश्यकतानुसार

### विधि :

आचारी पनीर बनाने के लिए बाउल में पनीर के क्यूब्स डालें। उसमें नमक, काली मिर्च और अचार का मसाला डालकर मिलाएं। एक नॉन स्टिक पैन में तेल गरम करें। उसमें लहसून और अद्रक डालकर 30 सेकेंड तक भूनें। फिर प्याज़ डालकर सुनहरे होने तक भूनें। अब पनीर के क्यूब्स डालकर पकाएँ। लाल मिर्च पाउडर, रेड चिल्ली फ्लेक्स, हरी शिमला मिर्च डालकर मिलाएं और एक से दो मिनट तक पकाएं। फिर हरा धनिया डाल दें। आचारी पनीर को एक बाउल में डालकर ठंडा होने दें। चीला बनाने के लिए साबुत मूंग, अदरक, हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर और नमक एक मिक्सी जार में डालकर आवश्यकतानुसार पानी के साथ दरदरा पीसें और एक दूसरे बाउल में डाल दें। एक नॉन स्टिक पैन गरम करें। उसपर कलछी भर घोल डालें। दोनों तरफ पकाएं। तवे से उतारकर प्लेट पर रखें। उसमें आचारी पनीर स्टफिंग रखें और फोल्ड कर दें। सर्व करें गरमा गर्म।

## शब्द सामर्थ्य- 119

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 118 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## सू-दोकू- 119

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.118 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |